राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
माध्यमिक - अर्थशास्त्र (214)
पाठ 8: लागत और आय
कार्य पत्र - 8

1. एक उत्पादन इकाई का भ्रमण कीजिए और उत्पादक से वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले लागतों के बारे में पूछताछ कीजिए। पूछताछ के आधार पर, उस विशेष उत्पादन इकाई के उत्पादन के लिए निश्चित और परिवर्तनीय लागत को सूचीबद्ध कीजिए।

स्थिर लागत	परिवर्तनीय लागत

2. निम्नलिखित अनुसूची को पूरा कीजिए:

बेची गई इकाई	कुल लागत	सीमांत लागत	औसत लागत
i.	15		
ii.	28		
iii.	39		
iv.	52		
v.	70		
vi.	96		

3. एक दुकानदार अपनी जमीन और पूंजी का उपयोग एक दुकान खोलने के लिए कर रहा है। वह उपभोक्ताओं के लिये वस्तुओं और सेवाओं को वितरित करने के लिए 3-4 परिचारकों को भी काम पर रखता है और उन्हें मासिक वेतन का भुगतान करता है। वह ट्रांसपोर्टर्स को थोक बाजार से सामान और सेवाओं को अपनी दुकान पर ले आने के लिए काम पर रखता है और इस के लिए उन्हें भी भुगतान करता है। इस जानकारी के आधार पर, स्पष्ट लागत और निहित लागत को वर्गीकृत कीजिए ।

4. एक फर्म में, उत्पादन की छठी इकाई पर कुल उत्पादन की लागत 100 रू.से बढ़कर 120 रू. तक पहुंच जाती है। इस इकाई के उत्पादन की सीमांत लागत की गणना कीजिए ।

5. एक उत्पादन इकाई ने अपने स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये का निवेश किया है लेकिन उसका कुल उत्पादन शून्य है। उत्पादन इकाई की निर्धारित लागत क्या है और क्यों?

6. एक किसान 1500 रुपये की कुल परिवर्तनीय लागत के साथ 500 रुपये की कुल निश्चित लागत खर्च करके 100 इकाइयों का उत्पादन कर रहा है। उत्पादन की औसत लागत की गणना कीजिए।

7.

इकाई	कुल आय	औसत आय	सीमांत आय
i.	10		
ii.	18		
iii.	24		
iv.	28		
v.	30		
vi.	30		
vii.	28		

तालिका में औसत आय और सीमांत आय के लिए सूत्र का उल्लेख कीजिए ।

8. एक फर्म एक साल में 50 लाख रू0 का लाभ कमा रही है। फर्म की कुल लागत 10 करोड़ रुपये है। फर्म की कुल आय की गणना कीजिए ।

9. प्रश्न 7 में दी गई तालिका के आधार पर, औसत आय और सीमांत आय के बीच के संबंध को स्पष्ट कीजिए ।

10. प्रश्न 7 के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए कि क्या कोई फर्म उत्पादन की 7 वीं इकाई को बेचना पसंद करेगी या नहीं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए।